अग्निशमन दल ने किया आरे से बीकेसी मेट्रो 3 का सुरक्षा

यशोभूमि/प्रतिनिधि

मुंबई। भारतीय रेलवे के अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन द्वारा कुलाबा- आरे से बीकेसी तक तीसरी पूर्ण मेट्रो

मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त के ट्रायल का इंतजार

लाइन के पहले चरण के दौरान परीक्षण पूरा करने के बाद गुरुवार को आधिकारिक तौर पर कहा गया है कि मुंबई महापालिका के अग्निशमन विभाग ने भी सुरक्षा परीक्षण पूरा कर लिया है। अब मुंबई मेट्रो रेल प्राइवेट लिमिटेड

के मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त यानी सीएमआरएस के सर्टिफिकेट का इंतजार कर रही है। सीएमआरएस को अगले सप्ताह परीक्षण के लिए आमंत्रित किया जाएगा। महापालिका के अग्निशमन विभाग के तहत आयोजित सुरक्षा परीक्षण में कहा गया है कि सभी मेट्रो स्टेशनों के साथ-साथ मेट्रो लाइनों के बीच सभी विद्युत कार्यों की जांच की गई है। मुंबई मेट्रो रेल कार्पोरेशन लिमिटेड ने प्रोटोटाइप मेट्रो की मदद से ट्रायल शुरू किया था। भारी सामान लादने के बाद पहली बार मेट्रो कोचों को पूरी क्षमता से चलाया गया। लोडेड मेट्रो ट्रायल के दौरान मेट्रो लगातार चल रही है और कोचों की सिग्नलिंग प्रणाली, पहिए, ट्रैक, शोर, घर्षण, वक्रता, कंपन की स्थिति जैसे सभी पहलुओं की जांच की जाती है। माना जा रहा है कि अगले दस दिन में मेट्रो 3 को लेकर कुछ गुड न्यूज आ सकती है।